हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जून 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

10 मोदी की गारंटी और साय सरकार की मंशा से आदिवासी ...



14 महेश नवमी पर दिखा सेवा, संस्कार और सामाजिक ...



# मानसून ने पकड़ी रफ्तार, धमतरी क्रॉस कर पहुंचा रायपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


महज 24 घंटे में मानसून दंतेवाड़ा से धमतरी जिला को क्रॉस कर रायपुर पहुंच गया है। ज्ञात हो कि पिछले 8 दिनों से मानसून छग की दहलीज पर थम गया था। बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती सिस्टम तैयार होने के बाद मानसून ने स्पीड़ पकड़ी और सोमवार को गरज-चमक, तेज हवा और बारिश के साथ मानसून का आगमन हो गया है।

सोमवार शाम को तेज हवा, गरज-चमक के साथ जिले में मध्यम बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को पूरे जिले में बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश धमतरी तहसील में 38.3 मिमी दर्ज की गई है। वहीं कुरूद में 17.6 मिमी, मगरलोड में 27.7 मिमी, नगरी में 29.9 मिमी, भखारा में 16.3 मिमी, कुकरेल में 32 मिमी तथा बेलरगांव तहसील में 23.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## एक सप्ताह तक मध्यम से तीव्र वज्रपात की संभावना

### वज्रपात की चेतावनी, हल्की मध्यम बारिश की संभावना

प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मेघगर्जन के साथ मध्यम से तीव्र वज्रपात होने की संभावना है। 23 जून तक मानसून की उत्तरी सीमा दहानू, वर्धा रायपुर, डाल्टनगंज, मोतिहारी से होकर गुजर रही है। प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।



### तीन सिनोप्टिक सिस्टम तैयार

उत्तर राजस्थान से बिहार तक उत्तरप्रदेश से गुजरने वाली मौसमी द्रोणिका समुद्र तल पर बनी हुई है। समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर उत्तर बिहार से झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल और ओडिशा से होकर उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक एक द्रोणिका स्थित है। समुद्र तल से 4.5 किमी से 5.8 किमी ऊपर उत्तर और उससे सटे मध्य बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

### औसत वर्षा के मुकाबले आधी बारिश

जिला बारिश में काफी पीछे हो गया है। हालांकि नगरी तहसील ऐसी है जो औसत वर्षा के बराबर चल रही है लेकिन अन्य तहसील में बारिश की स्थिति खराब है। 1 जून से अब तक जिले में 64.7 मिमी बारिश हुई है जबकि औसत वर्षा के अनुसार अब तक 123 मिमी बारिश हो ▸▸ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### 32 प्रकरणों पर सुनवाई 3 जुलाई को

■ छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक करेंगी सुनवाई

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक 3 जुलाई को धमतरी, बालोद एवं कांकेर जिले के 32 प्रकरणों पर सुनवाई करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि यह सुनवाई सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में होगी।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार टिकरापारा निवासी यसब राय मसीह पिता मनोज राय उम्र 20 वर्ष कोई काम नहीं करता था। युवक ने सोमवार की देर रात्रि टिकरापारा स्थित एक बेकरी की दुकान से लगे खाली प्लाट में नीम पेड़ में स्कार्फ का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह युवक को फंदे पर लटका देख कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई कर शव को वरदान संस्था की एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। युवक द्वारा आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जहर सेवन से वृद्धा की मौत

**धमतरी।** लकवा बीमारी से पीड़ित एक अधेड़ महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम जुगदेही निवासी मीना गोस्वामी पति देवेन्द्र गिरी उम्र 65 वर्ष बीते 6 वर्ष से लकवा की बीमारी से पीड़ित थी। काफी इलाज कराने के बाद भी वृद्धा को बीमारी से राहत नहीं मिल रही थी। वृद्धा ने सोमवार की रात्रि घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। उसके बाद अपने कमरे में सो रहे बेटे को दरवाजा खटखटा जगाया। बेटे के बाहर निकलने पर वृद्धा ने जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। परिजनों ने तत्काल वृद्धा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान वृद्धा की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## कलेक्टर ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

# ऑडिटोरियम, चौपाटी और क्रिकेट स्टेडियम को मिलेगा आधुनिक स्वरूप





■ अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं शहरी अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने शहर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम, कांटा तालाब चौपाटी, सड़क चौड़ीकरण कार्य तथा पीजी कॉलेज स्थित क्रिकेट स्टेडियम में विकसित की जा रही सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से धमतरी शहर को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्वरूप मिलेगा तथा नागरिकों को बेहतर यातायात, मनोरंजन, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं खेल सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सिहावा चौक से कोलियारी तथा रत्नाबांधा से मुजगहन तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने ड्रेनेज व्यवस्था, पैदल पथ निर्माण, विद्युत लाइन शिफ्टिंग एवं यातायात प्रबंधन से संबंधित कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ▸▸ शेष पेज 12 पर

# साल्हेवारपारा की गाड़ा बस्ती का नाम बदलने प्रदेश के मूल गाड़ा समाज ने किया प्रदर्शन

■ कथित गौमांस बरामदगी के मामले में समाज का नाम धूमिल होने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



साल्हेवारपारा में कथिम गौमांस की बरामदगी में गाड़ा बस्ती के नाम को लेकर गाड़ा समाज में व्यापक आक्रोश है। मंगलवार को मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज छत्तीसगढ़ ने रैली निकालकर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। धमतरी सहित विभिन्न जिलों से पहुंचे सामाजिकगणों ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया है जिसमें गाड़ा बस्ती का नाम बदलने सहित विभिन्न मांग रखी है।

प्रदेश के मूल छत्तीसगढ़िया गाड़ा जाति के प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप कुलदीप, उपाध्यक्ष देवशरण नाग, अशोक चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में पहुंचे समाजजनों ने रूद्री रोड स्थित राधास्वामी सतसंग भवन के पास एकत्रित होकर कलेक्टोरेट तक रैली निकाली जहां प्रदर्शन किया। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्याएं बताई जिसमें कहा है कि कई समाचार पत्र में उनकी जाति के संबंध में खबर सामने आई है। धमतरी शहर के साल्हेवारपारा की गाड़ा बस्ती में 86 किलो गौमांस बरामद हुआ है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। उक्त घटना से प्रदेश के मूल छत्तीसगढ़िया गाड़ा जाति के लोग काफी आक्रोशित एवं व्यथित हैं।

छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज ने ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश की गाड़ा जाति के लोग मूलतः प्रकृति पूजक, कोटवारी, बुनकरी, पशु पालन का कार्य करते हैं। आदिवासी संस्कृति को आत्मसात करते हुए बुढ़ादेव पूजन एवं बाजा बजाने का काम करते हैं। साल्हेवारपारा की गाड़ा बस्ती में गौमांस बरामदी का समाचार जिले सहित राज्यभर में प्रकाशित हुआ है जिससे उनके समाज की छवि धूमिल हुई है। इस घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। समाचार पत्र से साल्हेवारपारा में गाड़ा बस्ती होने की जानकारी हुई है। जातिगत समाचार से समाज को घोर आपत्ति है। गाड़ा बस्ती में गाड़ा जाति के लोग निवास ▸▸ शेष पेज 12 पर

## पटवारी के वेतन से भूमिहीन योजना की राशि दिलाने की मांग

■ भूमिहीन को भूमिवाला सत्यापित करने वाले पटवारी के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



चारभाठा के भूमिहीन परिवार ने भूमिहीन योजना से पटवारी द्वारा नाम काटने की शिकायत जनदर्शन में की है।

मगरलोड तहसील के ग्राम चारभाठा निवासी पुरूराम पिता ललता वर्मा ने कलेक्टर के नाम जनदर्शन में आवेदन कर कहा है कि वह ग्राम पंचायत कमरौद के आश्रित गांव चारभाठा का निवासी है। वह दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन योजना अंतर्गत पंजीकृत हितग्राही हैं जिसका पंजीयन क्रमांक 20211203001785 है। पूर्व में उसे इस योजना का लाभ मिलता था लेकिन हल्का पटवारी नं. 20 ने सत्यापन करने के दौरान कृषि भूमि है, करके उनका नाम काट दिया गया है जिसकी जानकारी उसे सूचना के अधिकार से मिली है। हल्का पटवारी ने सत्यापन में गलती की है। नाम काटे जाने से उसे आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। उसके सामने परिवार के भरण पोषण की विकट समस्या खड़ी है। योजना से उसके नाम को गलत कलम चलाकर काटा गया है। पीड़ित ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जब तक उसे भूमिहीन पोर्टल में पात्र नहीं किया जाता तब तक उक्त पटवारी के वेतन की राशि काटकर आर्थिक नुकसान की भरपाई करवाई जाए या पटवारी को नौकरी से बर्खास्त किया जाए।

## आमा बगीचा में जुए के अड्डे पर पुलिस की कार्रवाई, 8 लोग गिरफ्तार

■ नकदी, वाहन और मोबाइल समेत 1.83 लाख रुपये से अधिक का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



जिले में अवैध जुआ-सट्टा गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भखारा पुलिस ने ग्राम रामपुर के अमाबगीचा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 8 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि आमाबगीचा में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों से रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और वहां मौजूद लोगों को पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामपुर निवासी मेघनाथ साहू (30), राजेश कुमार रात्रे (32), महादेव रात्रे (68), गजेंद्र कुमार निषाद (40), नारदराम निषाद (39), छन्नूलाल रात्रे (77), देनेश्वर साहू (56) और कवल सिंह साहू (52) के रूप में हुई है।

पुलिस ने मौके से 10 हजार 800 रुपये नकद, 6 दोपहिया वाहन, 7 मोबाइल फोन और ताश की गड्डी जब्त की है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 1 लाख 83 हजार 800 रुपये बताई गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

## आटो सवार महिलाओं से चेन स्नैचिंग





■ शहर में चेन स्नैचर महिला गैंग फिर सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में चेन स्नैचर महिलाओं की गैंग लम्बे समय के बाद फिर सक्रिय हो गई है। गैंग ने आटो में सवार दो महिलाओं के गले से चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया। हालांकि पीड़ित महिलाओं ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी महिलाओं से अपना जेवर वापस ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरेंगा निवासी अमेरिका बाई ध्रुव व गांव की ही देवंतीन साहू सोमवर की सुबह आटो में सवार होकर बस स्टैण्ड पहुंची। बस स्टैण्ड से पांच महिलाएं उक्त आटो में सवार हुईं। आटो रायपुर रोड स्थित यूनियन बैंक पहुंची। इसी दौरान अमेरिका बाई को गले से चेन खींचे जाने का अहसास हुआ। देवंतीन साहू को अपने गले से 6 से 7 ग्राम सोने का मंगलसूत्र गायब होने का पता चला। तब तक पांचों महिलाएं उसी आटो में आगे बढ़ गई थीं। चेन स्नैचिंग होने का अहसास होने पर दोनों महिलाओं ने तत्परता दिखाते हुए एक अन्य आटो में सवार होकर आगे जा रही आटो का पीछा किया। उक्त आटो को रोककर उसमें सवार महिलाओं से अपना चेन व मंगलसूत्र को वापस लौटाने को कहा। सड़क पर शोरगुल सुनकर भीड़ एकत्रित होने लगी जिसे देख आरोपी पांचों महिलाएं हड़बड़ा कर चेन व मंगलसूत्र पीड़ित महिलाओं को वापस कर दिया। आरोपी महिलाओं

### महिलाओं की गैंग पहले भी कर चुकी है वारदात

उल्लेखनीय है कि आटो सवार विशेषकर महिला यात्रियों से नकदी की उठाईगिरी व चेन स्नैचिंग की घटना पहले भी हो चुकी है। लगभग डेढ़ साल पहले बस स्टैण्ड से आटो में सवार होकर रूद्री जा रही आटो सवार महिलाओं के साथ रास्ते में कुछ और महिलाएं सवार हो गई थीं जो रूद्री पहुंचने तक महिला के बैग में रखे सोने के नेकलेस पर हाथ साफ कर दिया था। इसी तरह रत्नाबांधा चौक से आटो में सवार हुई महिला के पर्स से गोकुलपुर पहुंचने से पहले उसी आटो सवार हुई महिलाओं ने नकदी पर हाथ साफ कर दिया था।



## खबर संक्षेप

### मोहित का अग्निवीर में चयन

**मगरलोड।** ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीकोट के युवक मोहित यादव पिता शिवनारायण यादव उम्र 24 वर्ष



का भारतीय सेना में अग्निवीर में चयन हुआ है। उनके चयन पर गौतम निषाद पूर्व सैनिक, रामराज्य नेताम, विष्णु निषाद, उमेश कश्यप, हरिचन्द्र कश्यप, भूपेन्द्र नेताम, थानूराम ने हर्ष जताया है।

### प्रणव का छात्रवृत्ति प्रावीण्य सूची में चयन

**अमलीडीह।** शासकीय माध्यमिक शाला जुगदेही के छात्र प्रणव पिता महेंद्र कुमार साहू का प्रयास



आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा एवं राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य सूची में चयन हुआ है। छात्र के चयन पर संस्था प्रमुख उत्तमकुमार साहू, शिक्षिका श्रीमती मंजू मांडवी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू, शिक्षाविद किरण कुमार साहू, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक दुष्यंत कुमार साहू, गिरधारीराम साहू, भारत ध्रुव समेत ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

### फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का मिलेगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 30 जून से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में 18 से 50 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष आवेदक आवेदन कर सकते हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी सुरजीत सरदार ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा युक्त है। प्रशिक्षण के दौरान फोटो शूट, वीडियोग्राफी, एल्बम, बंधन एल्बम, करिज्मा एल्बम, डीएसएलआर कैमरा में फोटो शूट की प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं।

## निधन

### लोकेश्वर साहू

**धमतरी।** बनियापारा वार्ड गौरा चौरा निवासी स्व. दयाराम साहू के छोटे पुत्र लोकेश्वर साहू (लोकू) का 44



वर्ष की उम्र में मंगलवार को निधन हो गया। वे गणेशराम साहू के भतीजे, संतोष साहू के छोटे भाई एवं हुमेश्वर, आयुष के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह निवास स्थान से शांतिघाट के लिए निकाली गई। अंतिम यात्रा में स्वजाति बंधु, परिवारजन सहित वार्डवासी व मित्रगण शामिल हुए।

**न्यायालय श्रीमान् तहसीलदार भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

भखारा दिनांक :-16/06/2026

---00---

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम भखारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुक्ति शरण दास पिता स्व. रामसूरत दास जाति तेली निवासी भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं मुक्ति शरण दास की जन्म दिनांक 02/06/1958 को ग्राम भखारा में होने से जन्म की घटना के पंजीयन हेतु इस न्यायालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी को भी आपत्ति हो तो दिनांक 24/06/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
भखारा

# पांच हितग्राहियों के ऋण प्रकरण स्वीकृत कर अप्रूवल के लिए भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं बैंकिंग सेवाओं से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन नगर पंचायत भखारा में किया गया। इस दौरान विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने किसानों एवं हितग्राहियों को योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्रों की जांच कर ऋण प्रकरण तत्काल स्वीकृत कर अग्रिम अनुमोदन हेतु भेजा गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

**पीएम स्वनिधि जागरूकता शिविर में हितग्राहियों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी**



उन्होंने किसानों एवं हितग्राहियों से योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक हर्ष यदु, बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा प्रबंधक सौम्या राऊत एवं सेंट्रल बैंक के प्रतिनिधि तरुण चंद्राकर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, बैंक ऋण, ई-केवाईसी, आधार सीडिंग तथा विभिन्न बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी तथा लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम से आमजन को योजनाओं की सही जानकारी प्राप्त होती है तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिलता है।

मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद छबिलाल निर्मलकर, भूपेंद्र यादव, चक्रसुदर्शन चंदेल, संजय साहू, भुनेश्वर साहू, शेखर सिन्हा, मीना निषाद सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों ने रिसगांव पहुंचकर ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

# मोदी की गारंटी और साय सरकार की मंशा से आदिवासी अंचल तक पहुंचेगा विकास : सार्वा

- सड़क, पुल-पुलिया और बिजली जैसी मूलभूत जरूरतों को शासन तक पहुंचाएंगे : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर किए गए आंदोलन के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा मंगलवार को ग्राम रिसगांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आदिवासी अंचल के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। क्षेत्र की सभी जायज मांगों को शासन एवं प्रशासन तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

श्री सार्वा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार दूरस्थ वनांचलों और आदिवासी क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना तथा सड़क एवं बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचाना है।



उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता की समस्याओं को शासन तक पहुंचाकर समाधान का मार्ग प्रशस्त करें। टाइगर रिजर्व क्षेत्र के गांवों में सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

मौके पर जनपद पंचायत सदस्य राजू गोसाई, बबलू साहू, सरपंच चंद्रकुमार आगवानी, सरपंच बीरबल पद्माकर, पंचम कश्यप, हरेराम भंडारी, उपसरपंच कुबेर भंडारी, धनेश मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीणों के सहयोग से विकास की योजनाएं धरातल पर उतरेंगी

श्री सार्वा ने कहा कि यह क्षेत्र प्राकृतिक संपदा और जनजातीय संस्कृति से समृद्ध है। यहां ईको-टूरिज्म, जंगल सफारी और होम स्टे जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देकर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। ग्रामीणों की सहभागिता से विकास की योजनाएं तैयार कर उन्हें धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाएगा।

### भाजपा सरकार आदिवासी समाज के हितों के प्रति संवेदनशील

जिला पंचायत वन सभापति अजय ध्रुव ने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब और आदिवासी समाज के हितों के प्रति संवेदनशील है। ग्रामीणों द्वारा उठाई गई सड़क, पुल-पुलिया, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगों को प्राथमिकता के साथ शासन और प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। सरकार की मंशा अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की है और जनप्रतिनिधि इसी उद्देश्य के साथ लगातार क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

# अजय चंद्राकर के जन्मदिन को यादगार बनाने विजय फिर बने सार्थक माध्यम

- निगम के भाजपाई पार्षदों ने तैयारी को दिया अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पूर्व कैबिनेट मंत्री, कुरूद क्षेत्र के विधायक एवं जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता अजय चंद्राकर के 24 जून को मनाए जाने वाले जन्म दिवस को यादगार और जनसेवा से जोड़ने के उद्देश्य से नगर निगम के भाजपा पार्षदों एवं लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष तथा आमापारा वार्ड के वर्तमान पार्षद विजय मोटवानी ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जन्म दिवस पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में पार्षदों ने कहा कि अजय चंद्राकर विकास, जनसेवा और सार्वजनिक जीवन में समर्पण के पर्याय हैं। उनके जन्म दिवस को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर सेवा, सामाजिक सरोकार और जनकल्याणकारी गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शहर के विभिन्न हिस्सों में पिछले चार दिनों से बैनर, पोस्टर और होर्डिंग लगाए जा चुके हैं तथा वार्ड स्तर पर भी व्यापक तैयारियां जारी हैं।

पूर्व वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी श्री मोटवानी के नेतृत्व में अनेक सेवा कार्यों का आयोजन किया जाएगा। शहर के हृदय स्थल स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ बुधवार की दोपहर विशाल महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में समाज के सभी वर्ग के लिए लगभग 3000 लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई है। एक समय में करीब 200 लोगों




के बैठकर प्रसाद ग्रहण करने हेतु वॉटरप्रूफ पंडाल एवं पर्याप्त बैठक व्यवस्था तैयार की गई है।

आयोजकों के अनुसार महाप्रसादी भंडारे के साथ विभिन्न सेवाभावी गतिविधियों को भी जोड़ा जाएगा, जिससे सामाजिक सरोकार के विषयों को आगे बढ़ाया जा सके। विजय मोटवानी एवं उनकी टीम पिछले दस दिनों से लगातार आयोजन की तैयारियों में जुटी हुई है। उनका कहना है कि एक ही स्थल और एक ही पंडाल के नीचे होने वाला यह आयोजन न केवल शहर बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणादायी और निस्वार्थ सेवा का उदाहरण बनेगा।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में होगी विशेष पूजा अर्चना

अजय चंद्राकर के दीर्घायु, सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना के लिए दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुबह से भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ और विशेष पूजा-अर्चना होगी। दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। पूरे अनुष्ठान को सनातनी एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न कराने के लिए वेदपाठी पंडितों को आमंत्रित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वयंसेवकों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजन की तैयारियों में जुटे भाजपा पार्षदों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया है।

# जोरातराई अं में स्वामी आत्मानंद वाचनालय व वाईफाई का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर ग्राम पंचायत जोरातराई अं में आत्मानंद वाचनालय (लाइब्रेरी) व वाईफाई का शुभारंभ किया गया। पंचायत में छात्रों के लिए सीजीपीएससी की बुक, पॉलीटेक्निक, प्री बीएड, डीएड सहायक शिक्षक, रेलवे, पुलिस विभाग,पटवारी, अमीन पटवारी, बी फार्मेसी, एग्रीकल्चर, इंजीनियरिंग व्यापम प्रतियोगी परीक्षा, छात्रावास अधीक्षक, प्रयास स्कूल में चयन, नवोदय विद्यालय चयन, बैंकिंग सेवा, हॉर्टिकल्चर चयन, सीजी लोक सेवा आयोग, सीजी लोक कला, वर्कशॉप कैलकुलेशन एंड साइंस, आईटीआई, अग्निवीर चयन, भारतीय न्याय संहिता, सामान्य ज्ञान, डीएनए, करंट अफेयर जैसी प्रतियोगी पुस्तकें रखी गई हैं। छात्र पंचायत में लगे वाई-फाई का उपयोग कर ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते हैं।

इस अवसर पर पूर्णिमा



रामस्वरूप साहू सरपंच, ईश्वर निषाद उपसरपंच, बंशीलाल साहू, गोविंद राजपूत प्राधिकृत अधिकारी साहू, पंचवती निषाद, भिनेश्वरी निषाद, रंजना साहू, दसोदा साहू, विश्वासा निषाद उपस्थित थे।

को लि या री, सुदामा राम साहू, धनसाय साहू, मानसिंह साहू, टीआर साहू, मानक साहू, प्रकाश निषाद, नेमी साहू, प्रकाश तारक, श्रीमती बिं दू नि र्म ल क र, विद्या साहू, लो के श्व री

## कुरूद में बालिका शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

- 8 नवीन कक्षों एवं शौचालय भवन का होगा लोकार्पण

**धमतरी।** बालिका शिक्षा को सुदृढ़ आधार प्रदान करने तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद में निर्मित 8 नवीन कक्षों एवं आधुनिक शौचालय भवन का लोकार्पण 28 जून को किया जाएगा। यह परियोजना रायपुर कैपिटल राउंड टेबल के सहयोग से पूर्ण की गई है।

लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। नवीन कक्षों के निर्माण से विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा। वहीं आधुनिक शौचालय सुविधा से छात्राओं की स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं गरिमा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। रायपुर कैपिटल राउंड टेबल 241 द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक योगदान को समुदाय में विशेष रूप से सराहा जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मानसून ने पकड़ी रफ्तार, ...

जानी थी। नगरी तहसील में 1 जून से अब तक सबसे अधिक 125.9 मिमी बारिश हो चुकी है। जबकि सबसे कम बारिश में भखारा तहसील 33.1 मिमी हो पाई है।

### ऑडिटोरियम, चौपाटी और ...

सड़क चौड़ीकरण से शहर की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम और सुरक्षित होगी। कलेक्टर ने सिहावा चौक के समीप निर्माणाधीन अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन में फाल्स सीलिंग, वातानुकूलन व्यवस्था, उन्नत साउंड सिस्टम, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था तथा दर्शकों के लिए आरामदायक बैठने की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम के निर्माण पूर्ण होने पर जिले में सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन को नई पहचान मिलेगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कांटातालाब में विकसित की जा रही चौपाटी का निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों की सुविधा के लिए बहुप्रवेश द्वार विकसित करने, व्यवस्थित दुकानों का निर्माण, आकर्षक सेल्फी पॉइंट, सौंदर्यीकरण एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर स्थित क्रिकेट स्टेडियम का भी अवलोकन किया। यहां खिलाड़ियों की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप ड्रेसिंग रूम, रेस्ट रूम तथा किचन जैसी आवश्यक सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि नागरिकों को स्थायी एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।
निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देहारी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री चहल, एसडीएम पीयूष तिवारी, नगर निगम उपायुक्त पीसी सार्वा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### साल्हेवारपारा की गाड़ा बस्ती ...

करते हैं या अन्य जाति के लोग, इसकी प्रशासनिक स्तर पर जांच की जाए। जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारियों से पूछताछ कर सच्चाई को सामने लाते हुए उस बस्ती में गाड़ा जाति का कोई भी सदस्य निवास नहीं करता है तो बस्ती का नाम परिवर्तन किया जाए। प्रदेश गाड़ा जाति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दावा किया है कि खाल निकालने की परंपरा मूल छत्तीसगढ़िया गाड़ा जाति के किसी भी घटक में नहीं है। सभी घटक अंधकुरी, देवदास, गंधर्व, कोसरिया, झरिया, चौहान, फूलझर, सतकहा के पदाधिकारियों का कहना है कि गाड़ा बस्ती में गाड़ा जाति के लोग निवास नहीं करते हैं। उस बस्ती में निवास करने वाले लोग ओडिशा प्रांत से हैं जो मजदूरी की तलाश में आकर यहां बस गए। उस बस्ती में गौमांस बरामदगी को गाड़ा जाति से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे प्रदेश के मूल छत्तीसगढ़िया गाड़ा जाति के मान-सम्मान को काफी ठेस पहुंची है। गौमांस तस्करी में शामिल लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जाति सत्यापन कर पृथक जाति के रूप में चिन्हित करने की मांग की है। कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के दौरान प्रदेश भर से सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### आटो सवार महिलाओं से चेन...

की गैंग उसी आटो में सवार होकर रायपुर की तरफ निकल गई। घटना की पुलिस को सूचना दी गई जिस पर साइबर टीम आरोपी महिलाओं के संबंध में जानकारी लेकर पेट्रोलिंग को रवाना किया।

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक धमतरी, मो.नं. 98264-32896

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दंतरोग का इलाज

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
Piles Care Clinic
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
State of the art NICU including care for Preterm, Term
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, सोनामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201










संकलनकर्ता - यशवंत गंजीर हरिभूमि संवाददाता कुरूद मो. 98268-82770







संकलनकर्ता - यशवंत गंजीर हरिभूमि संवाददाता कुरूद मो. 98268-82770


24th Jun
हम सबके मार्गदर्शक व विकास पुरुष
मा. अजय चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
मान. श्री अजय चंद्राकर जी
विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री
श्रीमती पूर्णिमा साहू
सरपंच व पूर्व जनपद अध्यक्ष
श्री रामस्वरूप साहू जी
पूर्व जनपद उपाध्यक्ष
डिगेश्वरी लोकेश साहू
सरपंच भेड़सर
वेनु ध्रुव
सरपंच कोलियारी
देवेन्द्र ध्रुव
सरपंच प्रतिनिधि कोलियारी


जीवेत शरदः शतम्
माननीय श्री
अजय चन्द्राकर जी
(पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक कुरुद विधानसभा क्षेत्र)
बड़े भैया जी को
24 जून
जन्मदिन
बहुत बहुत बधाई एवं
हार्दिक शुभकामनाएं...
नागेन्द्र शुक्ला
पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत नगरी


24 जून
माननीय श्री
अजय चन्द्राकर जी
(पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक कुरुद विधानसभा क्षेत्र)
बड़े भैया जी को
जन्मदिन
बहुत बहुत बधाई एवं
हार्दिक शुभकामनाएं...
अजय ध्रुव
जिला पंचायत व न. सभापति धमतरी


24 जून
माननीय श्री
अजय चन्द्राकर जी
(पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक कुरुद विधानसभा क्षेत्र)
बड़े भैया जी को
जन्मदिन की
बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक
शुभकामनाएं...
रामगोपाल साहू
उपाध्यक्ष -जिला साहू संघ धमतरी एवं
जिला कार्य समिति सदस्य भाजपा


गौरव ग्राम पंचायत मेघा की ओर से
मा. अजय चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
अजय चन्द्राकर
कुरूद विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री
सरपंच
श्रीमती मनीषा गजेन्द्र ध्रुव
उप सरपंच
श्री छत्रपाल साहू
सचिव रमेश कुमार ध्रुव
रो .सहायक सुरेश कुमार साहू
पंच वार्ड क्र.01 तुलेश कुमार
पंच वार्ड क्र.02 पदमनी सोनी
सभापति निर्माण समिति पंच वार्ड क्र.03 धर्मेन्द्र साहू
पंच वार्ड क्र.04 सरिता विश्वकर्मा
पंच वार्ड क्र.05 शकुंतला बंजारे
पंच वार्ड क्र.06 गोदावरी पटेल
सभापति महकारिता पंच वार्ड क्र.07 सोहद्रा साहू
पंच वार्ड क्र.08 डामिन साहू
पंच वार्ड क्र.09 यक्ष कुमार साहू
पंच वार्ड क्र.10 डोमेन्द्र सिन्हा
सभापति कृषि,राजस्व,वन पंच वार्ड क्र.11 बेदराम साहू
पंच वार्ड क्र.12 रीतू निषाद
पंच वार्ड क्र.13 योगेश्वरी निषाद
पंच वार्ड क्र.14 हेमलता साहू
पंच वार्ड क्र.15 कृष्ण कुमार साहू
पंच वार्ड क्र.17 भुनेश्वरी साहू
पंच वार्ड क्र.18 संगीता यादव
पंच वार्ड क्र.19 हेमबाई साहू
पंच वार्ड क्र.20 थनवार साहू
भृत्य चन्द्रहास ध्रुव

## जनसरोकार की राजनीति की मिसाल माने जाते हैं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर

# कुरुद को दी नई पहचान : बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल क्रांति तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद

छत्तीसगढ़ की राजनीति में जब भी प्रखर वक्ता, नीतिगत पकड़ और जमीनी जुड़ाव की बात होती है तो कुरुद विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चन्द्राकर का नाम अग्रिम पंक्ति में आता है। अपनी बेबाक शैली और कुरुद विधानसभा क्षेत्र के कायाकल्प के लिए पहचाने जाने वाले श्री चन्द्राकर आज सिर्फ एक विधायक नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ भाजपा के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक हैं।

अजय चन्द्राकर के नेतृत्व में कुरुद विधानसभा क्षेत्र ने विकास के नए आयाम छुए हैं। सड़कों का जाल, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और हर गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकताओं में रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों की बदौलत आज कुरुद एक मॉडल विधानसभा के रूप में उभरकर सामने आया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि चन्द्राकर जी ने हमेशा दूरदर्शी सोच के साथ काम किया है, जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास संभव हो सका।

### सदन से सड़क तक जनता की मुखर आवाज

अजय चन्द्राकर की सबसे बड़ी ताकत उनकी जनता के प्रति जवाबदेही है। विधानसभा के भीतर वे अपने ज्ञान, संसदीय परंपराओं की समझ और तार्किक प्रहारों से विपक्ष को निरुत्तर करने के लिए जाने जाते हैं। छत्तीसगढ़ के हितों की बात हो या कुरुद की जनता की समस्याएं, उनकी आवाज हमेशा सबसे बुलंद रहती है। एक सजग जनप्रतिनिधि के रूप में उनका यह रूप युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

### सहृदयता और सहज उपलब्धता

एक कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री होने के बावजूद अजय चन्द्राकर की सादगी और सहृदयता देखते ही बनती है। कुरुद का कोई भी आम नागरिक अपनी समस्या लेकर बेझिझक उनके पास पहुंच सकता है। कार्यकर्ता आधारित राजनीति में विश्वास रखने वाले श्री चन्द्राकर अपने क्षेत्र के हर सुख-दुख में शामिल होते हैं। यही वजह है कि जनता के बीच उनके प्रति गहरा सम्मान और स्नेह है।

### कुरुद की जनता मेरा परिवार

राजनीति मेरे लिए पद का साधन नहीं, बल्कि जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास का संकल्प है। कुरुद की जनता मेरा परिवार है और उनके जीवन को बेहतर बनाना ही मेरा मुख्य ध्येय है।

- अजय चंद्राकर, *विधायक कुरुद*

### एक कुशल रणनीतिकार और नीति निर्माता

मंत्री रहते हुए श्री चंद्राकर ने जिन विभागों (जैसे पंचायत, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा) की जिम्मेदारी संभाली, वहां अपनी प्रशासनिक क्षमता का लोहा मनवाया। उनकी नीतियां आज भी राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। निश्चित रूप से अजय चन्द्राकर का ओजस्वी व्यक्तित्व, कुरुद के प्रति उनका समर्पण और उनकी बेदाग कार्यशैली उन्हें छत्तीसगढ़ की राजनीति का एक ऐसा चमकता हुआ सितारा बनाती है, जिन पर न सिर्फ कुरुद को, बल्कि पूरे प्रदेश को गर्व है।

# महेश नवमी पर दिखा सेवा, संस्कार और सामाजिक एकता का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



माहेश्वरी समाज के आराध्य भगवान महेश की जयंती महेश नवमी के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर धमतरी माहेश्वरी समाज, माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में विविध धार्मिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनभर चले आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेवा व संगठन की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः प्रभातफेरी से हुई। इसके बाद भगवान महेश का अभिषेक, पूजा-अर्चना एवं आरती हुई। महोत्सव अंतर्गत बच्चों, महिलाओं एवं युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं समाज की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में डॉ. आशीष खालसा ने मधुमेह एवं नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम, समय पर दवा और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण से मधुमेह को नियंत्रित रखा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आंखों में धूल या कचरा चले जाने पर उन्हें रगड़ना नुकसानदायक हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। डॉ. जेएस खालसा ने लोगों के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों का समाधान किया।

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रांत माहेश्वरी सभा के सहमंत्री जगदीश चाण्डक ने कहा कि महेश नवमी समाज को सेवा, त्याग, सदाचार और संगठन की भावना से जोड़ने वाला पर्व है। उन्होंने धमतरी माहेश्वरी समाज द्वारा रक्तदान, मठा वितरण, प्रतिभा सम्मान सहित विभिन्न सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि प्रदेश माहेश्वरी महासभा युवाओं के लिए प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी, रोजगार मार्गदर्शन, नेतृत्व विकास, महिला सशक्तिकरण, सर्वाइकल कैंसर जागरूकता, परिचय सम्मेलन, महेश निधि एवं चिकित्सा सेवाओं जैसी अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही निधि झंवर ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता समाज के प्रत्येक सदस्य की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी समाजजनों से संगठन से जुड़कर सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन राहुल लखोटिया एवं डॉ. दर्शना जाजू ने किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक लक्ष्मीचंद बाहेती, जेठमल झंवर, सत्यनारायण राठी, देवेन्द्र कुमार राठी, लक्ष्मीनारायण राठी, नारायण बंग, मदन लाल झंवर, दीपक लखोटिया सहित अध्यक्ष राजेन्द्र माहेश्वरी, राधिका गांधी, ऋषभ राठी, सचिव डॉ. श्रीकांत जाजू, एश्वर्या राठी, संगठन मंत्री हरीश चाण्डक, अशोक भट्टड़, सुरेश जाजू, राकेश झंवर, उपाध्यक्ष विजय भूतड़ा, दिनेश राठी, रामचंद राठी, ललित चांडक, ओमप्रकाश टावरी, सहसचिव सुरेश राठी, अमित राठी, प्रचार मंत्री गोविंद गांधी, आयुष माहेश्वरी, गोपी राठी, प्रवीण राठी, विशेष सलाहकार मांगीलाल राठी, नंदकिशोर राठी, रमेश भूतड़ा, नरेश बंग, अनिल जाजू, राधे राठी, संस्कृति मंत्री सुबोध राठी, रूपेश झंवर, ललित राठी सहित कार्यकारिणी सदस्य रामकिशन चांडक, रावलचंद टावरी, दिनेश भट्टड़, संजय बिन्नानी, सोहन राठी, दीपक चांडक, संजय राठी, नेमीचंद राठी, राजेश झंवर, संदीप लाहोटी, नंदू राठी, अमित सोनी, मनोज राठी, नवीन चाण्डक, नरेश चाण्डक, केशरीमल राठी, सुरेश राठी, गोविंद सोमानी, भंवरलाल राठी, उज्जवल बंग, सुनील टावरी, कुशाल टावरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। समाज के सचिव डॉ. श्रीकांत जाजू ने आभार व्यक्त किया।

# महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस 26 को दुगली में

**धमतरी।** गोंडवाना साम्राज्य की महान वीरांगना दुर्गावती का 463 वां स्मृति बलिदान दिवस केकती सेंटर दुगली में 26 जून दोपहर को 12 बजे रखा गया है। मुख्य वक्ता भरतलाल कोर्राम राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल गोंडवाना महासभा, मुख्य अतिथि आरएन ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ होंगे। अध्यक्षता मयाराम नागवंशी जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद करेंगे। विशिष्ट अतिथि आरसी ध्रुव संभागीय संयोजक गोंडवाना गोंड महासभा बिलासपुर, एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छग, शिवचरण नेताम संरक्षक गोंड समाज जिला धमतरी, चेमसिंह मरकाम प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा युवा प्रभाग छग, अकत सिंह ध्रुव जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ मुंगेली होंगे।

धमतरी जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| धमतरी शहर | 5 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| कुरूद | 3 पद | |
| मगरलोड | 2 पद | वेतन 12000/- |
| कोड़ेबोड़ | 2 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो धमतरी शहर, कुरूद, मगरलोड, कोड़ेबोड़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें
9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : बठेना हॉस्पिटल के सामने, धमतरी मो. 9826114710
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)







हम सबके मार्गदर्शक व विकास पुरूष
मा. अजय चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय चन्द्राकर
कुरूद विधायक
एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री
कुलेश्वरी गायकवाड़
जिला पंचायत सभापति
सुनील गायकवाड़
पूर्व जनपद पंचायत कुरूद
रंजीत जांगड़े
वरिष्ठ कार्यकर्ता
देवकुमार निर्मलकर
वरिष्ठ कार्यकर्ता
जागेश निर्मलकर
बूथ अध्यक्ष
पवन यादव
वरिष्ठ कार्यकर्ता
भुखन धीवर
वरिष्ठ कार्यकर्ता
कैलाश निर्मलकर
वरिष्ठ कार्यकर्ता
लोकेश गायकवाड़
वरिष्ठ कार्यकर्ता
पुरूषोत्तम साहू
वरिष्ठ कार्यकर्ता
उदित सोनवानी
बूथ अध्यक्ष, क्र. 54
लेखराम साहू
पूर्व सरपंच
राहुल गायकवाड़
विनीत : भारतीय जनता पार्टी ग्राम अंवरी (कुरूद)


क्षेत्र को विकास के पथ पर दोगुनी गति से ले जाने वाले
मा. अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा.अजय चंद्राकर
कुरूद विधायक
एवं पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन
आनंद गांधी
पूर्व सभापति जनपद पंचायत कुरूद
अजीत गिरी गोस्वामी
वरिष्ठ भाजपा नेता मड़ेली
नवीन गांधी
प्राधिकृत अधिकारी
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मड़ेली


24 JUNE 2026
क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने वाले विकास पुरूष
एवं हम सब के प्रेरणास्त्रोत
मा. अजय चंद्राकर जी
BJP
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता दरबा सेक्टर सिरीं मंडल


कुरूद विधानसभा के लोकप्रिय
विकास पुरूष, दमदार विधायक
मा. अजय चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की
गाड़ा गाड़ा बधाई
शुभकामनाएं
24 JUNE 2026
जीवेत ... शरदः ... शतम्...
मा. अजय चन्द्राकर
विधायक कुरूद विधानसभा एवं पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
गौकरण साहू
उपाध्यक्ष, जि.पं. धमतरी
पुष्पेन्द्र साहू
प्रभारी, भाजपा सिर्री मंडल
जीवन साहू
सहप्रभारी भाजपा सिर्री मंडल
डॉ. लोकेश साहू
अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल
थानेश्वर तारक
महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल
देवेन्द्र साहू
जिला महामंत्री किसान मोर्चा धमतरी
पूरणलाल धृतलहरे
मंत्री भाजपा सिर्री मंडल
हेमलाल यादव
मंत्री भाजपा सिर्री मंडल
नारायण सिंह साहू
उपाध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल
गौकरण निर्मलकर
अध्यक्ष भाजयुमो सिर्री मंडल
योगेश साहू
अपिव मोर्चा मंडल अध्यक्ष
टेकराम साहू
जनपद सदस्य क्षेत्र क्र.13
हरिशंकर साहू
अध्यक्ष सरपंच संघ कुरूद
डॉ. खेमराज साहू
सरपंच ग्रा.पं. कठौली
ओमप्रकाश यादव
सरपंच ग्रा.पं. भैंसमुंडी
ओमप्रकाश साहू
सरपंच, ग्रा.पं. परसट्ठी
रूपचंद देवांगन
प्रतिनिधि सभापति जपं. कुरूद
सागर साहू
विशेष आमंत्रित सदस्य भाजयुमो, सिर्री मंडल
संजीत कुमार साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत चिंवरी
विनीत : भारतीय जनता पार्टी, सिर्री मंडल, विधानसभा कुरूद








संकलनकर्ता - यशवंत गंजीर हरिभूमि संवाददाता कुरूद मो. 98268-82770


माननीय
अजय चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाईयां
24 जून
विनित:-विजय मोटवानी अध्यक्ष P.W.D. नगर निगम, धमतरी


Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएँ अब धमतरी में
प्रत्येक महीने के चौथे शुक्रवार को उपलब्ध रहेंगे
शुक्रवार, दिनांक : 26 जून 2026
समय – सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : नंदा हॉस्पिटल (डॉ. उत्कर्ष नंदा) मल्टी-स्पेशियलिटी,
न्यू एल.आई.सी. ऑफिस के पास, मुजगहन रोड, रत्नाबांधा चौक, धमतरी
कैंसर विशेषज्ञ से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पटेल
कैंसर रोग विशेषज्ञ
सलाहकार, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी,
(बालको मेडिकल सेंटर)
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (रेडियोथेरेपी)
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिलें
• स्तन में गाँठ
• असामान्य गाँठ का उभार
• मुँह में बदलाव या आवाज में भारीपन
• निगलने में कठिनाई
• लगातार खाँसी, सिरदर्द या बदन दर्द
• ठीक न होने वाले छाले/घाव
• बार-बार बुखार या संक्रमण
• पेट में दर्द या जी मचलना
• पेट फूलना • खून की कमी
• त्वचा (स्किन) में बदलाव
• वजन में बिना कारण कमी
• मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव
• मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 7987905329
8282824444
balcomedicalcentre.com


24 जून
दमदार जानदार शानदार
मान. अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की अशेष शुभकामनाएं..
हरिशंकर सोनवानी
मनीष शर्मा